sub judice. However, the NCCF will conduct departmental enquiry for fixing responsibility after the case is finalised.

Electrolytic Manganese metal

2622. SHRl SUBAS MOHANTY; Will the Minister of STEEL AND MINES b$_e$ pleased to state;

(a) whether there is any propositi to sst up an Electrolytic Manganese metal project at Baraigarh in Sundergarh dist rict of Orissa;

(b) whether Government are likely to give clearance to the project soon;

(c) if so, the details of the site selected for the project; and

(d) the capacity and the estimated cost of the project?

THE MINISTER OF STEEL AND MINES (SHRl MAKHAN LAL FOTE-DAR); (a) No, Sir.

(b) to (d) Do not arise

पेयजल सम्बन्धी प्रौद्योगिकी मिशन के अन्तर्गत लाये गये राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्र

2624. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पेयजल सम्बन्धी प्रौद्योगिकी मिशन के अधीन अब तक राजस्थान के कितने ग्रामीण क्षेत्र लाभान्वित हुए हैं; और

(ख) इसके अन्तर्गत प्रतिवर्ष कितने ग्राम शामिल किये जाते हैं ?

कृषि मंत्रालय में ग्रामीण विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री जनार्दन पुजारी) : (क) और (ख) राष्ट्रीय पेयजल मिशन 1986 में शुरू हुआ था। मिशन के अन्तर्गत राजस्थान के सभी जिलों के शेष समस्याग्रस्त गांवों को स्वच्छ पेयजल की सुविधाओं के अंतर्गत कवर किया जा रहा है। बाड़मेर, पूरू तथा नागौर के मिनी मिशन परियोजना क्षेत्रों (जिलों) के अन्तर्गत योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। मिशन आरम्भ में पता लगाए गए 5443 समस्याग्रस्त गांव थे। इसमें से, 1986-87 में 1368 समस्याग्रस्त गांव, 1987-88 में 1101 तथा 1988-89 (31-1-89 तक) में 1142 गांव कवर किए गए थे, शेष 1832 समस्याग्रस्त गांवों को सातवीं योजना की शेष अवधि में कवर किया जाना है।

Decontrol of Aluminium

2624. SHRl SUBAS MOHANTY; Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased 'to state

(a) whether there is a proposal to decontrol Aluminium; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STEEL AND MINES (SHRI MAKHAN LAL FOTEDAR): (a) and (b) The control over prices and distribution of aluminium has been removed from lst March, 1989.

दिल्ली विकास प्राधिकरण के खण्ड संख्या-3 में मरम्मत कार्यों, पार्कों के लिये फर्जी भुगतान

2625. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछली तिमाही के दौरान दिल्ली विकास प्राधिकरण के उत्तरी दिल्ली के खण्ड संख्या तीन के अधिशासी अभियन्ता ने नेहरू विहार, गोपालपुर, जामा मस्जिद और ओटरमलेन में पार्कों की मरम्मत, सड़क निर्माण, तथा सीवरों और नालियों के काम से सम्बन्धित भुगतान फर्जी कागजों पर कराये हैं और यदि हां, तो क्या सरकार ने किसी एजेंसी के माध्यम से इस बारे में कोई जांच कराई है;

(ख) यदि हां, तो दस लाख से अधिक राशि के घपले के इस मामले में सरकार द्वारा की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है और दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध अब तक कोई कार्यवाही न किये जाने के क्या कारण हैं; और

(ग) क्या यह भी सच है कि उक्त अधिशासी अभियन्ता (उत्तरी खण्ड 3) अपने अधीनस्थ कर्मचारियों का सम्बन्धित अधिकारियों के माध्यम से स्थानान्तरण करा देता है और यदि हां, तो गत छः महीनों के दौरान इस अभियन्ता की सिफारिश पर कराये गए स्थानान्तरणों से संबंधित ब्यौरा क्या है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बलवीर सिंह) : (क) और (ख) इस मामले में एक शिकायत पर दिल्ली विकास प्राधिकरण जांच-पड़ताल कर रहा है। जांच पूरी हो जाने के पश्चात ही पूरे तथ्यों का पता चलेगा ;

(ग) जी नहीं। एक मण्डल के बन्द हो जाने के कारण कुछ स्टाफ सहित कार्य मण्डल संख्या 3 को स्थानान्तरित कर दिए थे।

Selection of Journalists by Prime Minister's Secretariat

2626. SHRI M. S. GURUPADASWAMY; Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Prime Minister's Secretariat selected several Journalists for the Prime Minister's trip to China recently;

(b) if not, whether Ihe Ministry of External Affaiis were requested to select hese Journalists;

(c) whether the Ministry of External Affairs were suggested to adhere to the u ide-] ines laid down by the Press Counci of India in this regard;

(d) if not, the reasons therefor; and

(e) the names of the non—media men 'ho accompanied the Prime Minister?

THE MINISTER OF PARLIAMENTRY AFFAIRS AND THE MINISTER F INFORMATION AND BROADCA-TTNG (SHRI H. K. L, BHAGAT):) and (b) The selection of Journals for PM's China trip was made in the same manner as in th$_e$ case of other such trips. The selection is made by the PMO in consultation with the Ministries of I&B and External affairs

(c) and (d) The Press Council's guidelines for selection of Journalists on officially sponsored visits were forwarded to concerned Departments, including Ministry of External affairs, for such action a$_s$ deemed appropriate. These guidelines are only advisory in nature and not mandatory. Moreover, tours undertaken by journalists with the Prime Minister do not fall under the category of officially sponsored visits.

(e) Apart from journalists, a documentary film team consisting of the following also accompanied the Prime Minister:

(i) Smt Simrita Grewal
Sig$_a$ Art International.

(ii) Shri Navroze Rusromji —do—

(iii) Shri C. V. Somashekhar —do—

दिल्ली विकास प्राधिकरण के खण्ड संख्या 3/4 में मरम्मत और अन्य कार्यों के लिए किया गया फर्जी भुगतान

2627. **श्री सुब्रहमण्यम स्वामी** : क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण के उत्तरी दिल्ली के खण्ड संख्या 3–4 के अधिशासी अभियन्ता और मुख्य अभियन्ता ने आपस में सांठ-गांठ करके सुल्तान पुरी, वजीरपुर और मंगोल पुरी जे०जे० कालोनियों में खंड़ों के निर्माण सीवर लाइनों की सफाई आदि के नाम पर लाखों रुपये की राशि का फर्जी भुगतान कराया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इन सिविल कार्यों की कोई उच्च स्तरीय जांच कराई है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं; और